# स्टडी सर्किल योजनान्तर्गत जैविक नारीवाद पर संवाद संपन्न

*एक आंदोलन भी है नारीवाद : प्रो. नीलिमा सिन्हा*


मधेपुरा। नारीवाद महज एक विचारधारा नहीं, बल्कि एक आंदोलन भी है। यह स्त्रियों के लिए स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता का हिमायती है।
यह बात कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा की पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) नीलिमा सिन्हा ने कही। वे जैविक नारीवाद विषयक संवाद में मुख्य वक्ता थीं। कार्यक्रम का आयोजन दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर), नई दिल्ली के स्टडी सर्किल योजनान्तर्गत दर्शनशास्त्र विभाग, बीएनएमयू, मधेपुरा के तत्वावधान में किया गया।
उन्होंने कहा कि नारीवाद के कई प्रकार हैं, जिनमें जैविक नारीवाद विशिष्ट है। यह मानता है कि स्त्री एवं पुरुष जैविक रूप से अलग अलग-अलग हैं और दोनों में शारीरिक एवं मानसिक विभिन्नताएं हैं। इसलिए हमें स्त्री-पुरुष समानता नहीं, बल्कि सामंजस्य की आवश्यकता है।
उन्होंने कहा कि जैविक नारीवाद ऐसे समाज की स्थापना करना चाहता है, जिसमें स्त्री-पुरुष दोनों अपने नैसर्गिक शारीरिक संरचनाओं के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से रहे। दोनों एक-दूसरे का आदर एवं सम्मान करें और परस्पर सहयोगी बनें।
उन्होंने कहा कि जैविक नारीवाद का मानना है कि पितृसत्ता न केवल स्त्रियों के लिए, बल्कि पुरूषों के लिए भी हानिकारक है। इसलिए यह परिवार एवं समाज की संरचना में परिवर्तन चाहता है और इसमें स्त्रियों की सम्मानपूर्ण भागीदारी और उन्हें निर्णय की स्वतंत्रता देने का पक्षधर है।

**भारतीय परंपरा में है नारी का उंचा स्थान : रमेशचंद्र**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व अध्यक्ष सह आईसीपीआर, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेशचंद्र सिन्हा ने कहा कि सामान्यतः भारतीय परंपरा में नारी को उंचा स्थान दिया गया है, लेकिन कहीं-कहीं नारी के बारे में आपत्तिजनक बातें भी मिलती हैं। हम परंपराओं की अच्छाइयों को आत्मसात करें और बुराइयों को छोड़ दें।
उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधदौड़ में चारों ओर व्यक्तिवाद बढ़ा है और पारिवार टूटने से विघटन की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके कारण पूरी दुनिया चिंतित है और दुनिया के लोग भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।

**रेडिकल नारीवाद घातक : जटाशंकर**

मुख्य अतिथि दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,



प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के पूर्व अध्यक्ष सह अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जटाशंकर ने कहा कि भारतीय परंपरा में स्त्री एवं पुरुष दोनों को एक-दूसरे का पूरक माना गया है और दोनों के बीच सामंजस्य का आदर्श प्रस्तुत करता है। इसमें परिवार एवं विवाह की प्रतिष्ठा है, जिसमें पुरुष एवं स्त्री दोनों की भागीदारी है। लेकिन रेडिकल नारीवाद परिवार एवं विवाह की सत्ता को नकारता है और पुरुष मात्र का विरोधी है। ऐसी अवधारणा मानव सभ्यता के लिए घातक है।
कार्यक्रम में विशेष रूप से टिप्पणी एवं प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया। इसमें माधव तुमेर्ला (लंदन) एवं डॉ. आलोक टंडन (उत्तर प्रदेश) ने सारगर्भित टिप्पणी की और की प्रासंगिकता प्रश्न पुछे।
अतिथियों का स्वागत दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना की पूर्व अध्यक्ष सह दर्शन परिषद्, बिहार की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पूनम सिंह और धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। तकनीकी पक्ष शोधार्थी द्वय सौरभ कुमार चौहान एवं सारंग तनय ने संभाला।

**लगभग सौ लोग उपस्थित**

संवाद में लगभग सौ लोगों ने भागीदारी निभाई। इनमें डॉ. गीता मेहता, डॉ. आशा मुदगल, डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. अनिल तिवारी, रंजन कुमार, माधव कुमार, गुरुदेव, गौरव मिश्रा, हबीब मुर्शीद, हर्ष सागर, हेमा, हिमालय कुमार, हिमांशु राज, जय नारायण पंडित, कल्याणी, कामेश्वर, कृष्णा कुमारी, प्रतिभा सिंह, लवली झा, लता कुमारी, माया पांड्या, मुन्ना रानी, नंदकिशोर झा, नंदकिशोर सिंह, नसीमा दिलकश, नयन रंजन, निशा प्रयास, पल्लवी राय, प्रतिभा प्रिया, प्रेम शंकर सिंह, रजनीकांत पासवान, रजनीकांत, रंजन यादव, राणा निरंजन, ऋषिकेश कुमार, सोनी झा, सावित्री, संदीप कुमार, सर्वजीत पाल, सत्येंद्र सिंह, शैलेश मिश्रा, सुशांत मिश्रा, शिव कुमार चौरसिया, श्रुति पेरियार, श्याम प्रिया, सुभाष कुमार, सुनील कुमार, स्वाति स्वराज, सुनील कुमार, रिंकू कुमारी, वर्षा किरण, बटुकेश्वर परमार, विनय कुमार, विवेक कुमार, विवेक रंजन, शिवम, मेघा कुमारी, विजय प्रकाश, डॉ. अजय कुमार झा, कुमार विजवान, आरती कुमारी रंजीत कुमार, अजय कुमार, सुप्रिया प्रियदर्शनी, अनुभव द्विवेदी, रागिनी कुमारी, अनिल तिवारी, प्रीति राय, सुनंदा किशोर, डॉ. संतोष कुमार, आशा भारती, डॉ. अजय कुमार झा, सुशील कुमार, अक्षय सिद्धांत, अभिषेक पांडेय, चंचल कुमार, निवारण, दीपक कुमार सिन्हा, डॉ. उदय सिंह, विजय शंकर, स्नेहा कुमारी, गौरव कुमार, सुनील सिंह, मुकेश चौहान, . हिमांशु शेखर सिंह, संदीप कुमार,डॉ. प्रभाष कुमार, रंजीत कुमार, नीरज कुमार, अजीत पांडे , मनोज कुमार राज, अभिषेक गुहा, अघोरी महेश्वरी, अली अहमद, अमृता मिश्रा, अली अहमद, अंकित कुमार, अन्नू सिंह, अशोक, आशुतोष आनंद, बालकृष्ण, भास्कर खान, निरंजन, वीरेंद्र कुमार, चंदन, दीपक, आचार्य जितेंद्र कुमार, दिलखुश कुमार, गौरव मिश्रा आदि थे।

# के. एस. डी. संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा (बिहार) की पूर्व कुलपति हैं प्रो. नीलिमा सिन्हा

मधेपुरा। डॉ. शेखर ने बताया कि प्रो. (डॉ.) नीलिमा सिन्हा का नाम देश के जानेमाने दार्शनिक एवं नारीवादी लेखिका में शूमार हैं। आप के. एस. डी. संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा (बिहार) की कुलपति एवं प्रति कुलपति और बी. आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की प्रति कुलपति भी रही हैं। आपने कई पुस्तकों का लेखन एवं संपादन किया है। बहुचर्चित पुस्तक भारतीय ज्ञानमीमांसा के लिए आपको अखिल भारतीय दर्शन परिषद् से पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। विभिन्न पत्रिकाओं में आपके दर्जनों शोध पत्र प्रकाशित हैं। आपने दर्जनों सेमिनार, सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं विशेष व्याख्यान कार्यक्रमों में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया है।

**हो चुके हैं बारह संवाद**

डॉ. शेखर ने बताया कि बीएनएमयू, मधेपुरा में अप्रैल 2022 से स्टडी सर्किल कार्यक्रम की शुरूआत हुई है और अब तक सफलतापूर्वक बारह संवादों का आयोजन किया जा चुका है।



उन्होंने बताया कि पूर्व में संवाद के अंतर्गत सांस्कृतिक स्वराज, गीता का दर्शन, मानवता के लिए योग, भारतीय दर्शन में जीवन-प्रबंधन, प्रौद्योगिकी एवं समाज, समाज-परिवर्तन का दर्शन, गांधीवाद : सिद्धांत एवं प्रयोग, युवाओं के लिए श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश, वैदिक दर्शन का मानवतावादी दृष्टिकोण, भारतीय दर्शन में भारतीय क्या है और हाइडेगर की दृष्टि में सत्ता एवं मनुष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो चुकी है। इन संवादों के वक्ता क्रमशः प्रो. रमेशचन्द्र सिन्हा (नई दिल्ली), प्रो. जटाशंकर, (प्रयागराज), प्रो. एन. पी. तिवारी (पटना), प्रो. इंदु पांडेय खंडुरी (गढ़वाल), डॉ. आलोक टंडन (हरदोई), प्रो. पूनम सिंह (पटना), डॉ. मनोज कुमार (वर्धा), माधव तुरूमेला (लंदन), डॉ. गोविन्द शरण उपाध्याय (नेपाल), प्रो. सच्चिदानंद मिश्र (नई दिल्ली), प्रो. सभाजीत मिश्र (गोरखपुर) और जैविक नारीवाद (प्रो. नीलिमा सिन्हा)।

# वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निशा रॉय को संजय मिश्रा ने चांदी के मेडल से किया सम्मानित

*रमाकांत चन्द्रकला एजुकेशन ट्रस्ट के निदेशक उज्ज्वल आनंद ने श्री मिश्रा के प्रति जताया आभार*

अररिया/सिकटी। जिले के कुठहरा,पंचायत - मजरख की एक किसान परिवार की बेटी ने वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त की एस डी एम ग्रुप के संस्थापक सह समाजसेवी संजय कुमार मिश्रा उनके गांव पहुंच बच्ची निशा रॉय से मिलकर उन्हें 10 ग्राम चांदी का सिक्का ओर चांदी का कलम एक डायरी ओर अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर बच्ची निशा रॉय का हौसला बुलंद किए ।श्री मिश्रा लगातार बच्चों के उत्साह को मजबूती प्रदान करने खेल मैं भी पहुंच बच्चे को खेल सामग्री देकर उनका उत्साह को मजबूती प्रदान करते आ रहे हैं ओर यही नहीं श्री मिश्रा जिले के टॉपर बच्चे से मिल उनको सम्मानित करते हैं इसी प्रकरण में श्री मिश्रा रमाकांत चन्द्रकला महाविद्यालय बरदाहा - सिकटी, अररिया पहुंच कर महाविद्यालय के चेयरमैन के साथ
महाविद्यालय के कर्मी के साथ बैठ सभी टॉपर बच्चे की जानकारी लिए ओर उन्हें श्री मिश्रा लगातार सम्मानित करते आ रहे हैं छात्रा निशा रॉय, पिता



- शिव प्रसाद राय,ग्राम - डैनिया कुठहरा,पंचायत - मजरख की एक किसान परिवार की बेटी ने 431 (86%) अंक ला महाविद्यालय सहित पूरे प्रखंड में वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त की हैं। उनके पिता एक साधारण सा किसान हैं। उनकी माता कुशल गृहणी हैं। निशा ने अपनी पढ़ाई रमाकांत चन्द्रकला महाविद्यालय से अपने गांव में रह कर ही पूरी की। उन्होंने बताया की आगे की पढ़ाई बी कॉम और उसके बाद बैंकिंग क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई । इस सफलता के लिए निशा ने अपने माता पिता एवं शिक्षकों का अहम योगदान बताया । समस्त महाविद्यालय ने निशा को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
रमाकांत चन्द्रकला एजुकेशन ट्रस्ट के निदेशक उज्वल आनंद ने एस डी एम ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा को इस कार्य के लिए धन्यवाद देते इस सफलता के लिए महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को बधाई दिया।

# छात्रों को शिक्षा के साथ सेहतमंद जिंदगी व स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना जरूरी : जिलाधिकारी

***विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रधानाध्यापक हुए सम्मानित***

***प्रथम तीन विद्यालयों को किया गया पुरस्कृत, अन्य सात को मिला सांत्वना पुरस्कार***

अररिया । आयुष्मान भारत के तहत संचालित विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी को लेकर चिह्नित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को मंगलवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इसे लेकर टॉउन हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद व जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी इनायत खान ने की । कार्यक्रम के दौरान प्रथम तीन विद्यालयों को जहां प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों देकर जिलाधिकारी के हाथों सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सात विद्यालयों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इस क्रम में चिह्नित विद्यालयों के स्वास्थ्य व आरोग्य दूत को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी इनायत खान, डीडीसी मनोज कुमार, सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, डीईओ राज कुमार, डीआईओ डॉ मोईज ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

**स्कूली छात्रों को सेहत व स्वच्छता के प्रति करें जागरूक**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी



इनायत खान ने कहा कि समाज के निर्माण में स्कूली शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। नौनिहालों के सर्वांगीण विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी समाज व देश की तरक्की को नये आयाम तक पहुंचाने के लिये जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्रों को पाठ्य पुस्तक की समझ के साथ सेहतमंद जिंदगी व स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता से ही सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को अपने छात्रों के समक्ष हमेशा आदर्श के रूप में पेश करने के लिये प्रेरित व प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पुरस्कार के लिये जिले के 150 विद्यालयों को नॉमिनेट किया गया था। इसमें से बेहतर तीन विद्यालयों को चयन कर पुरस्कृत किया गया है। वहीं अन्य सात को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है। जो जिले के अन्य सभी विद्यालयों के लिये प्रेरणास्त्रोत रहेंगे ।

**स्कूलों में सेहतमंद माहौल का निर्माण शिक्षकों की जिम्मेदारी**

उप विकास आयुक्त मनोज कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहकर ही बेहतर शिक्षा हासिल की जा सकती है। स्वस्थ बच्चों के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास के लिये उनका सेहतमंद होना जरूरी है। स्कूली छात्रों को स्वास्थ्य, उचित पोषण व स्वच्छता के महत्व से अवगत कराने में विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विद्यालय में स्वस्थ व स्वच्छ माहौल के निर्माण में वहां कार्यरत शिक्षकों के ऊपर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें इनका सफलता पूर्वक निवर्हन करना चाहिये। कार्यक्रम को सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह व डीईओ राजकुमार ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम के महत्व से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।

**तीन विद्यालय पुरस्कृत, सात को मिला सांत्वना पुरस्कार**

विद्यालय स्वास्थ्य व आरोग्य कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी को लेकर सिकटी प्रखंड के एएमएस मसुंडा के प्रधानाध्यापक सत्यनारायण मंडल को प्रथम पुरस्कार, फारबिसगंज प्रखंड के यूएचएस शुभंकरपुर के प्रधानाध्यापक रामप्रताप वर्मा को द्वितीय व प्लस टू आरएन एचएस रमई के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं कुसार्कांटा के यूएमएस कल्हुआ बकरी, फारबिसगंज के यूएमएस टेढ़ी मुसहरी, ली अकादमी फारबिसगंज, यूएचएस खोरागाछ, एएमएस बरदाहा सिकटी, प्लस टू बीडीजी गर्ल्स हाई स्कूल फारबिसगंज व पलासी प्रखंड के यूएचएस धर्मगंज के प्रधानाध्यापकों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार, डीएमएनई पंकज कुमार, डीसीएम सौरव कुमार, आरबीएसके के डीसी डॉ तारीक जमाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व जिले भर से आये विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

# नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आम लोगों को उचित पोषण के प्रति किया जायेगा जागरूक

***डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूता रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिये किया रवाना***

***पोषण पखवाड़ा में श्री अन्न यानी मोटे अनाज के इस्तेमाल के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक***

अररिया । जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के प्रयासों के तहत 20 मार्च से 03 अप्रैल के बीच पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियानक के क्रम में मिलेट्स यानी मोटे अनाज के महत्व से अवगत कराते हुए इसके इस्तेमाल के लिये प्रेरित किया जाना है। इसी कड़ी में मंगलवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त मनोज कुमार ने पोषण के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिये रवाना किया। इस क्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता देवेंद्र प्रताप शाही, आईसीडीएस डीपीओ रंजना सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा, सहायक योजना पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव, जिला पोषण समन्वयक कुणाल श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।
उचित पोषाहार के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य
उप विकास आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत पोषण आधारित नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाकट



दल को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिये रवाना किया गया है। नुक्कड़ नाटक का अयोजन जिला जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से किया जा रहा है। जो सभी प्रखंडों का भ्रमण करते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उचित पोषाहार के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। नुक्कड़ नाटक दल द्वारा हर दिन तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत व सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने हेतु जन भागीदारी से गतिविधियों का आयोजन कर जन आंदोलन का रूप दिये जाने का प्रयास है।

**मोटे अनाज में उपलब्ध होते प्रचुर पोषक तत्व**

डीपीओ आईसीडीएस रंजना सिंह ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत आम लोगों को मोटे अनाज के सेवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में प्रचूर चूर मात्रा में पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं। कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिहाज से भी इसका नियमित सेवन महत्वपूर्ण है। जिला पोषण समन्वयक कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष पखवाड़ा के क्रम में जीविका समूह की बैठक, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक, नुक्कड़ नाटक, किशोर समूह के साथ बैठक, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा, फूड फोर्टीफिकेशन, किशोरोवयों की शिक्षा संबंधी विषयों पर जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

# बि .रा. विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघः धरना का अंतिम दिन

***यूजीसी मानदंडों पर आधारित अतिथि प्राध्यापकों की सेवा नियमितीकरण की मांग जायजःमाले विधायक डॉ संदीप सौरभ***

***विधायकों ने सरकार को अलर्ट करते हुए कहा कि उनकी सेवा को जल्द से जल्द समायोजित करें अन्यथा सड़क से सदन तक लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी***

पटना। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के तत्वावधान में बिहार राज्य के ग्यारह विश्वविद्यालयों के कॉलेजों में कार्यरत अतिथि प्राध्यापकों द्वारा पटना के गर्दनीबाग में महाधरना का आयोजन किया गया जि जिसमें मुख्य रूप से आज पांच दिवसीय धरना के अंतिम दिन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के लगभग 400 साथी गण ने भाग लिया।

**अतिथि प्राध्यापकों की प्रमुख मांगे**

1. यूजीसी एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नियुक्त अतिथि सहायक प्राध्यापक जो लगातार तीन से पांच वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं, उनकी सेवा का सामायोजन किया जाए।
2. 2012 के रेसनलाइजेशन में विलुप्त किए गए स्वीकृत पदों को पुनः वापस किया जाए।
3. वर्तमान परिस्थिति में छात्रों की बढ़ती नामांकन संख्या के अनुपात में शिक्षकों का पद बढ़ाकर स्वीकृत किया जाए।

धरना स्थल पर पालीगंज के विधायक डॉ संदीप सौरभ, अलीनगर दरभंगा के विधायक श्री मिश्रीलाल यादव, हायाघाट दरभंगा के विधायक श्री रामचंद्र प्रसाद साह एवं एमएलसी संजय पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत तीन-चार-पांच वर्षों में अतिथि प्राध्यापकों ने गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोरोनावायरस की वैश्विक महामारी के कारण जब सारी शिक्षण संस्थाएं बंद हो गई थी, तब अतिथि प्राध्यापकों ने ऑनलाइन माध्यम से छात्रों को पढ़ाने का काम किया है। ऑनलाइन वेबीनार एवं डिजिटल माध्यम से पठन-पाठन कर अतिथि प्राध्यापकों ने शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल पेश किया है। शिक्षा के क्षेत्र में इन अध्यापकों ने जो अलख जगाने का काम किया है, इसको भुलाया नहीं जा सकता। वर्तमान में छात्रों के सकल नामांकन अनुपात में काफी वृद्धि हुई है। इस अनुपात को देखते हुए सरकार को शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ानी चाहिए। सरकार इनकी सेवा को जल्द से जल्द सेवा सामंजन करें ताकि इनके अंदर से असुरक्षा का भाव खत्म हो सके।



विधायकों ने सरकार को अलर्ट करते हुए कहा कि उनकी सेवा को जल्द से जल्द समायोजित करें अन्यथा सड़क से सदन तक लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी।
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ बच्चा रजक ने कहा कि विगत 5 वर्षों के अंदर अतिथि प्राध्यापकों ने लड़खड़ाती हुई उच्च शिक्षा को संभालने का काम किया है। इनकी सेवा का सामंजन करें ताकि इन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो सके और इनके अंदर से असुरक्षा की भावना खत्म हो सके।
संघ के प्रांतीय संयोजक डॉ सतीश कुमार दास ने कहा कि विगत तीन-चार वर्षों में अतिथि प्राध्यापकों ने क्वालिटी एजुकेशन देकर मिसाल पेश किया है। इनकी मांगे बिल्कुल जायज है। सरकार संवेदना का परिचय देते हुए उनकी सेवा का सामंजन करे ताकि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रहे।
पालीगंज के विधायक श्री संदीप सौरभ ने कहा कि अतिथि प्राध्यापकों की मांग नियमानुकूल है। सरकार जल्द से जल्द इनकी सेवा का सामंजन करे अन्यथा संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा। जब इनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय सलेक्शन कमिटी से यूजीसी के मापदंडों पर हुई है तो सरकार संशय में क्यों है? सरकार संवेदना का परिचय दे और इनकी सेवा को जल्द से जल्द सामंजन करे।
धरना में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के साथ-साथ ग्यारह विश्वविद्यालय के लगभग लगभग 500 अतिथि प्राध्यापकों ने भाग लिया।
धरने में लगभग 100 से अधिक महिला अतिथि प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।
मौके पर बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ के प्रांतीय संयोजक डॉ सतीश कुमार दास,ललित नारायण विश्वविद्यालय ,दरभंगा,संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के अध्यक्ष डॉ मुकेश प्रसाद निराला, बिहार विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ ललित किशोर, डॉ सुमन कुमार पोद्दार, डॉ कौशलेंद्र, डॉ राजेश चौधरी, डॉ अशोक कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ हंस कुमार सिंह, डॉ श्वेता कुमारी, डॉ तारीक रहमान, डॉ रंजना कुमारी, डॉ सपना कुमारी, डॉ रीना दुबे, डॉ बबीता कुमारी, डॉ जोहा सिद्धकी आदि ने सभा को संबोधित किया।

# खेल के मैदान में लक्ष्य प्राप्ति की बढ़ती है ललकः सत्यजीत यादव

***तारा मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट में मीडिया मधेपुरा बनाम सहरसा के बीच खेला गया मैच***

***सहरसा ने मधेपुरा को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से किया पराजित***

पतरघट। पस्तपार में आयोजित तारा देवी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट में मधेपुरा मीडिया और सहरसा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें मीडिया सहरसा की टीम ने मधेपुरा मीडिया टीम को पांच विकेट से हराकर यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। जिसका शुभारंभ जेडीयू के प्रदेश महासचिव सह एसपीएम लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत यादव और चंद्र किशोर यादव ने किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ सत्यजीत यादव ने कहा कि मानव जीवन में खेल का अहम योगदान है। खेल के मैदान में अनुशासन और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति जुनून बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके में इतना बड़ा और भव्य आयोजन बिरले ही देखने को मिलता है। सत्यजीत यादव ने कहा कि खेल और शिक्षा के क्षेत्र में पस्तपार का अलग पहचान है। यहां का आयोजन अनुकरणीय होता है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। चंद्र किशोर यादव ने कहा कि खेल से धन और शोहरत दोनों मिलता है। स्वागताध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने अतिथियों का स्वागत किया।



समारोह की अध्यक्षता प्रो. अमरेंद्र नारायण सिंह ने की। मैच के प्रारंभ में मधेपुरा मीडिया टीम के कप्तान डॉ अमिताभ कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 139 रन बनाए। जिसमें मधेपुरा मीडिया टीम के कप्तान डॉ अमिताभे 38 रन, बंटी कुमार 20 रन, मनीष कुमार 17 रन, सुशांत कुमार 14 रन, डॉ आई सी भगत 5 रनों का योगदान दिए। गेंदबाजी करते हुए सहरसा सहरसा टीम के जावेद उस्मानी 3 ओवर में 3 विकेट,फैयाज मुरानी 3 ओवर में 1 विकेट,कप्तान डॉ दीपक सिंह 3 ओवर में 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहरसा की टीम ने 10 ओवर 4 गेंद में 6 विकेट खोकर जीत दर्ज किया। जिसमें सहरसा टीम के उत्तम सिंह 60 रन, जावेद उस्मानी 34 रन, कप्तान डॉ दीपक सिंह 5 रन, फैयाज मुरानी 5 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए मधेपुरा मीडिया टीम के कप्तान डॉ अमिताभ 3 ओवर में 1 विकेट, माजिद 2 ओवर में 2 विकेट, मनीष कुमार 3 ओवर में 1 विकेट लिए। विजेता टीम के कप्तान एवं उपविजेता टीम के कप्तान को अध्यक्ष प्रो. अमरेंद्र नारायण सिंह, सुबोध नारायण सिंह के द्वारा शील्ड प्रदान किया गया। जहां मैंच के एम्पायर सोना सुधीर एवं दीपांशु, स्कोरर आनंद आर्य, आशुतोष आनंद, कॉमेंटेटर संदीप यादव एवं सौरभ सिंह थें। इस मौके पर सुबोध नारायण सिंह, डॉ. दीपक सिंह, उत्तम सिंह, मंटू यादव, अमित यादव, दीपक साह, मसीहा, सोना सुधीर, संदीप यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# मदनपुर में रामभक्तों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

अररिया प्रखंड के मदनपुर मद्नेश्वर धाम के सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब, झांझ और करताल के मधुर झनकार और बाजार से लेकर गांव तक में गूंजता श्रीराम का जयघोष, इस कड़ी धूप में भी कुछ ऐसा ही भक्तिमय नजारा था , बैंडबाजा के साथ निकाली गई शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु बच्चे व युवक बजते ढाक की थाप पर जोश व उमंग के साथ थिरक रहे थे। दूसरी ओर शोभा यात्रा जुलूस में शामिल श्रद्धालु राम लला से संबंधित भक्ति संगीत पर झूमते दिखे। इस शोभा यात्रा में बैंडबाजा के अलावा नृत्य, राम दरबार से सजी झांकी विशेष रुप से आकर्षण का



केन्द्र बने रहे। बाबा मद्नेश्वर नाथ के प्रांगण में बने राम जानकी मंदिर से महंत विवेकानंद भारती द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद सज-धज कर निकली रामचंद्र की शोभा रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह व जज्बा देखने लायक था। शोभा यात्रा में शामिल सारे युवा केसरिया रंग के वस्त्र में रंगे हुए थे।शोभा यात्रा में युवाओं के हाथ बड़ी संख्या में भगवा झंडा पुरे शहर में आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं शोभा यात्रा में डंडा, गदा व तलवार के निपुण कलाकार जगह जगह रुक रुक कर पारंपरिक शस्त्र कौशल का प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान भीड़ के बीच से निकलते गगनभेदी जय हनुमान, जय श्रीराम के नारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा।
शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की।

# वाहन मरम्मत प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं और ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र

***मौजूद स्थानीय लोगों ने भी एसएसबी के कार्य की जमकर सराहना किया***

सिकटी। मंगलवार को श्री ब्रजेश सिकरवार , कमांडिंग अधिकारी , 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन मे नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2022-23 के अंतर्गत चलाए जा रहे निःशुल्क 30 दिवसीय दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण और 30 दिवासीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण जो कि दिनांक 16.02 .2023 और 21.02.2023 को उच्च विद्यालय कुआरी और प्रखंड विकास कार्यालय सिकटी में चलाया जा रहा था का समापन प्रखण्ड कार्यालय सिकटी के सभागार में किया गया । जिसमे श्री मुकेश कुमार, उप कमांडेंट, स0 सी0 ब0 अररिया , श्री संजय कुमार, निदेशक एस बी आई आर सेटी ,श्री शशांक जी कोर्स कॉर्डिनेटर श्री सौरभ अभिषेक, अंचलाधिकार सिकटी, श्रीमती सुधा भारती, जिला परिषद सिकटी के द्वारा



18 दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं और 20 ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया । मौके पर मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न सीमावर्ती इलाकों से आए प्रशिक्षुओं का हौसला अफजाई किया तथा श्री मुकेश कुमार, उप कमांडेंट, एसएसबी अररिया ने बताया की सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा समय समय पर ऐसे विभिन्न प्रशिक्षणों का आयोजन सीमावर्ती क्षेत्रों में किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य ही यह है कि सीमावर्ती इलाकों में रह रहे बेरोजगार युवक/युवतियों, ग्रामीणों को इस काबिल बनाया जा सके जिससे वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकें और उनका तथा उनके परिवार का समुचित विकास हो सके । मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी एसएसबी के कार्य की जमकर सराहना की ।

# ठाकुरगंज नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 10 शिव मंदिर रोड का शिलान्यास

वीरेंद्र चौहान , दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।ठाकुरगंज नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं 10 शिव मंदिर रोड में 7,09889/- रुपए के लागत से पेवर ब्लॉक से निर्मित फल मंडी का उद्धघाटन मुख्य पार्षद श्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ सिकंदर पटेल, कार्यपालक पदाधिकारी राजेश पासवान, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिन्हा, वार्ड नं 10 पार्षद अमित कुमार सहित सभी पार्षद व स्थानीय गण्यमान्य उपस्थित रहे।



## बाबा लोकनाथ मंदिर में हुए चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी भक्ति नगर थाना अंतर्गत इलाके स्थित बाबा लोकनाथ मंदिर में हुए चोरी के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम बाप्पी महतो और राजेश राय है। जिसमें बाप्पी, खोलाचंद फाफरी और राजेश, एक्तियाशाल का निवासी रहने वाला है।



उल्लेखनीय है कि रविवार को बड़ा फाफरी स्थित बाबा लोकनाथ मंदिर में चोरी की घटना घटी थी। जहां बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे का तार काट कर मंदिर के दान बॉक्स और उसमें रखे रुपये लेकर फरार हो गए थे। इसके बाद सोमवार को चोरी की घटना सामने आते ही भक्ति नगर थाने में मंदिर प्रबंधन की तरफ से लिखित शिकायत दर्ज कराया गया था। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तहकीकात शुरू किया। इस दौरान बीती रात मंदिर में चोरी के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद बदमाशों के पास से मंदिर से चोरी हुए दान बॉक्स और रुपये भी बरामद कर लिया। आज दोनों बदमाशों को चोरी के आरोप में मामला दर्ज कर जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# नक्सलबाड़ी पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचते 2 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर ब्राउन शुगर बेचते 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गोपी बर्मन और नकुल कुमार सरकार पानीटंकी और नक्सलबाड़ी के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नक्सलबाड़ी के सतभैया इलाके में मादक पदार्थ खरीद बिक्री होने की सूचना मिली। मद्देनजर पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। उसके पास से 100 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया। गिरफ्तार दोनों को आज सिलीगुड़ी महकमा न्यायालय भेजा गया है। पुलिस गिरफ्तार को रिमांड पर लेगी और इस बात की जांच करेगी कि घटना में और कौन शामिल है। बरामद नशीली दवाओं का बाजार मूल्य करीब ढाई लाख रुपये बताया गया।



# सिलीगुड़ी में विवाहित महिला की शिकायत पर आशिक पहुंचा जेल

**उत्तम सिंह :संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

शहर के देशबंधुपाड़ा में किराए के मकान में रहने वाली एक विवाहित महिला की 38 वर्षीय स्वपन राय से पहले मुलाकात हुई। इसके बाद मुलाकात का दौर प्यार में बदल गया और प्यार परवान चढ़ गया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर स्वपन राय ने महिला के साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। पिछले 5 वर्षों से दोनों का यह रिश्ता चला रहा था। लेकिन फिर अचानक दोनों के बीच दूरी आने लगी। जिसके बाद महिला अपने प्रेमी स्वपन राय की बेवफाई की शिकायत लेकर सीधा सिलीगुड़ी महिला थाना पहुंच गयी। पीड़ित महिला ने थाना में प्रेमी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने लिखित शिकायत में बताया कि शादी का वादा कर स्वपन ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं स्वपन ने महिला से करीब 6 लाख रुपये भी लिए है, लेकिन अब स्वपन उसे छोड़ना चाहता है। इधर, शिकायत के आधार पर महिला थाना की पुलिस ने सोमवार की रात भक्ति नगर थाना अंतर्गत वेदगाड़ा इलाके से आरोपी स्वपन राय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद मंगलवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। सिलीगुड़ी महिला थाना की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# जमीन विवाद के कारण भैया को चाकू मारकर फरार भाई।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

फांसीदेवा : जमीन विवाद में फरार भाई ने भैया के पेट में चाकू घोंप दिया। फांसीदेवा प्रखंड के घोषपुकुर के पतिमोहन जोत गांव में हुई घटना को लेकर इलाके में तनाव है। घायल व्यक्ति का नाम अमूल्य सिंह है। मालूम हो कि काफी समय से दोनों भाइयों में पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। पहले दोनों भाइयों में मारपीट हुई और फिर भाई निर्मल सिंह ने अपने भैया के पेट में चाकू घोंप दिया। स्थानीय लोगों ने अमूल्य सिंह को गंभीर चोटों के साथ जमीन पर पड़ा पाया। इसके बाद घायल को फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। फांसीदेवा घोषपुकुर चौकी की पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। घायल अमूल्य सिंह के भैया साजेन सिंह ने बताया कि यह घटना जमीन विवाद के चलते हुई है।




## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण** सूर्य मंदिर कोठियां नरांव सहित विभिन्न घाटों पर उगते हुए सूर्य को विभिन्न घाटों पर जल में खड़े होकर छठव्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए कथा श्रवण करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। देवी स्थान मौजमपुर,गंगा घाट संठा,मुसेपुर, रसुलपुर में कृत्रिम घाट का निर्माण कर छठव्रतियों ने पूजा अर्चना की।
छठव्रतियों के साथ परिजनों ने भी धूमधाम से इस पर्व में हिस्सा लिया तथा भगवान भास्कर से सुख समृद्धि की कामना किया।

# नवजात बच्चों की खरीद बिक्री कांड में सिलीगुड़ी के बाद अब पटना से 2 आरोपी गिरफ्तार, खुलेंगे कई राज

**उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी में नवजात बच्चों के खरीद-फरोख्त कांड का खुलासा होने के बाद अब पटना से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आपको बता दें कि माटीगाड़ा और डीडी की एक स्पेशल टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज सुबह सिलीगुड़ी पहुंची है। आरोपियों के नाम नूतन कुमारी और अमित कुमार है। दोनों पटना के निवासी है।
बताया गया है कि नूतन कुमारी पटना में एक आईवीएफ सेंटर में कार्यरत है। दोनों आरोपियों को आज सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। गौरतलब है कि शनिवार को सिलीगुड़ी में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का मामला प्रकाश में आने के बाद माटीगाड़ा और डीडी की एक स्पेशल टीम रविवार को पटना रवाना हुई थी। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल टावर लोकेशन और गुप्त सूत्रों की मदद से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। कहा गया है कि नूतन और अमित भागने के फिराक में थे। लेकिन इससे पहले दोनों को पकड़ लिया गया।
जानकारी के अनुसार नूतन कुमारी इस पूरे कांड में मास्टर माइंड हो सकती है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नूतन कुमारी ने ही शुक्रवार को पटना के देव हॉस्पिटल से 19 मार्च को जन्मी नवजात बच्चीं को प्रभा देवी को सौंपा था। जिसके बाद प्रभा इस बच्चीं को सिलीगुड़ी में बिना देवी को सौंपने वाली थी। इसके बाद बिना इस नवजात को गौरी बहादूर छेत्री और उसके पति अमित देवनाथ के हवाले करती।



# बच्चों के चेहरे पर खुशी बिखेर रहा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र

- ***प्ले स्कूल की तर्ज पर खुशनुमा माहौल व रोचक तरीके से शिक्षित हो रहे हैं बच्चे***
- ***मनोरंजक तरीके से खेल-खेल में बच्चों को अध्ययन से जोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा केंद्र***

**वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

यह सत्य है कि शिक्षा की बुनियाद सिर्फ संसाधनों की उपलब्धता से मजबूत नहीं होती है। लेकिन बात यदि बच्चों की शिक्षा की हो तो शिक्षण संस्थान में बाल सुलभ सुविधाओं की मौजूदगी बच्चों में आकर्षण पैदा करता है, जो बाद में उनकी शिक्षा की नींव तैयार करती है। आधुनिक स्कूलों के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान ने आंगनबाड़ी केंद्र जैसे सरकारी इकाइयों के सामने चुनौतियां पेश की है। लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के आदर्श बनने की राह ने फिर से आंगनबाड़ी केन्द्रों की महत्ता एवं उपयोगिता को जीवंत किया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिये अधिक रूचिकर व उपयोगी बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी सात प्रखंडो में एक चिह्नित आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ इसे आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। ताकि सहज अंदाज में बच्चों के शैक्षणिक कौशल का विकास संभव हो सके। मॉडल केंद्रों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग के माध्यम से गिनती, वर्णमाला, पशु-पंक्षियों के चित्र, कार्टून्स व मापतौल के चित्रों अंकन किया गया है। ताकि बच्चे खेल-खेल में नई जानकारियां हासिल कर सकें।

बच्चों को रोचक ढंग से खुशनुमा माहौल में शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है

आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले नौनिहाल शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित हों, इसके लिए केंद्रों को प्ले-स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। जिले की कोचाधामन प्रखंड के सोन्था पंचायत में संचालित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 217 की सेविका इशरत जहां बताती हैं कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनने के बाद केंद्र के प्रति बच्चों का रूझान काफी बढ़ा है। निजी प्ले-स्कूल की तर्ज पर यहां भी लाभार्थी परिवार के बच्चों को रोचक ढंग से खुशनुमा माहौल में शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है । भवन की दीवारों पर जहां सुंदर चित्र बनाये गये हैं. वहीं साथ ही केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बागवानी आदि की भी समुचित व्यवस्था की गयी है ।पहले पोषक क्षेत्र के बच्चे केंद्र आने में कोई रूचि नहीं लेते थे। लेकिन केंद्र में सुविधाओं के हुए विकास के बाद बच्चों की उपस्थिति में काफी सुधार हुआ है। केंद्र पर आने वाले बच्चे खेल-खेल में ही अपना पाठ याद करते हैं। केंद्र पर विद्युत सेवा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय व डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से बच्चों को जरूरी जानकारी देते हुए उनके शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान दिया जाता है।




प्ले स्कूल की तर्ज पर उपलब्ध करायी गयी है सुविधाएं

जिला पोषण समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र छह साल से कम उम्र के बच्चों को बेहतर प्री स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। यहां बच्चों को प्ले स्कूल की तरह तमाम जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है। इन केंद्रों पर बच्चों के लिये खेल से लेकर मनोरंजन तक के लिये जरूरी इंतजाम किया गये हैं। केंद्र के माध्यम से शिशु व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, स्वास्थ्य, पोषण, व प्री स्कूल से जुड़ी सेवा स्थानीय लोगों को सहजता पूर्वक उपलब्ध कराया जा रहा है।

खेल-खेल में नई जानकारी हासिल कर रहे हैं बच्चे

डीपीओ आईसीडीएस सुमन सिन्हा ने बताया कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों पर खेल खेल में बच्चे नई जानकारियों हासिल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में 07 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक प्ले स्कूल की तर्ज पर विकसित किया गया है। बच्चों को मनोरंजक तरीके से खेल-खेल में अध्ययन से जोड़ने इसका मुख्य उद्देश्य है।

गर्भवती महिलाओं के लिए बनाया गया जांच कॉर्नर

महिला पर्यवेक्षिका रूबी कुमारी ने बताया आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रसव पूर्व जाँच के लिए आने वाली महिलाओं को भी अब बेहतर सुविधा मुहैया करायी जा रही है। सभी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों पर पदार्युक्त पंजीकरण कॉर्नर बनाया गया है। जिससे गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच में काफी सहुलियत हो रही है।

कलाकृतियों से नन्हे बच्चों को हो रहा अक्षर बोध

वही पोठिया प्रखंड की नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 132 की सेविका रूबी कुमारी ने कहा इस मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को बुनियादी शिक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके लिए नवीन आधुनिक पद्धतियों को अपनाकर बच्चों को सरलतम तरीके से शिक्षा देने की पहल की गयी है। बच्चों को उनकी स्थानीय बोली और भाषा में कविता, कहानी और गीतों के माध्यम से भी सिखाया जा रहा है। आंगनबाड़ी भवन की दीवार, छत, फर्श और बाहरी स्थलों में बनाए गए कलाकृतियों से नन्हे बच्चों को अक्षर बोध, रंगों को पहचानना आदि है। अर्ली चाइल्ड केयर एजुकेशन मोड्यूल के तहत पोषण पर भी चर्चा सीडीपीओ जीनत यास्मिन ने बताया की मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों पर अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) दिवस पर पढाई के साथ पोषण पर भी जानकारी दी जाती है। इस दौरान विभिन्न सब्जियों और फलों का प्रदर्शन भी किया जाता है। साथ ही सब्जी एवं फलों से प्राप्त होने वाले पोषण के विषय में भी जानकारी दी जाती है। इसके अलावा माताओं को विभिन्न रोगों में सब्जी या फल के सेवन के विषय में भी जागरूक किया जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन दिवस पर माताओं को बच्चे के 6 महीने पूरा होने क बाद अनुपूरक आहार देने की जरूरत पर भी जानकारी देती है। माताओं को खेल-खेल में बच्चों को अनुपूरक आहार खिलाने के संबंध में बताया जाता है।

# पुलिस ने किए 42 मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने 42 मवेशियों को जब्त करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों तस्करों के नाम सुबोध साहा (32) और अमर कुमार सिंह (22) है ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक 42 मवेशियों की तस्करी के लिए दो ट्रकों में लादकर चोरी छिपे सिलीगुड़ी के रास्ते असम जाने की योजना थी। लेकिन माटीगाड़ा पुलिस ने उसपर पानी फेर दिया।
पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार तड़के असम नंबर ( एएस26इसी0383 और (एएस 25इसी 0384) की दो ट्रक बिहार से मवेशियों को लेकर जा रहा थी। इसकी सूचना मिलते ही माटीगाड़ा थाना की सफेद पोशाक की पुलिस ने फांसीदेवा-माटीगाड़ा अंडरपास के पास अभियान चलाया। इस दौरान जब दोनों ट्रक पहुंची उसे रोक लिया गया। दोनों ट्रकों की तलाशी के दौरान उसके 42 मवेशी लदा मिला। जब पुलिस ने ट्रक चालकों से मवेशियों से संबंधित वैध कागजात की मांग की तो नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रक चालकों को मवेशी तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को दोनों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



# बनियापुर मे नगरा चेतन छपरा मुख्य सड़क पर अनियंत्रित ट्रक ने किशोर को रौदा, मौत,सड़क जाम

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) स्थानीय थाना क्षेत्र के एन एच 331से सटे नगरा - चेतन छपरा मुख्य सडक पर मंगलवार की सुबह चैती छठ का प्रसाद वितरण कर घर साईकील से वापस आ रहा एक किशोर को अनियंत्रित ट्रक ने बुरी तरह कुचल दिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी ,जहा परिजनो को मिली सूचना पर कोहराम मच गया.वही घटना मे आक्रोशीतो ने सडक जाम कर दिया,जिसके बाद पुलिस तथा ग्रामीण बुद्धिजीवीयो के सहयोग मान मनौवल के बाद जाम को हटाया ग्या.वही आक्रोशीतो ट्रक को भी अंशिक क्षति भी पहचाई,



घटना के संबंध मे बताया गया है कि कन्हौली मनोहर गाव निवासी सुरेश सिह,कुशवाहा का 12 वर्षीय पुत्र प्रियतम कुमार चेतन छपरा से चैती छठ का प्रसाद वितरण कर साइकिल से वापस घर आ रहा था,तभी अनियंत्रित ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे उक्त किशोर की घटना स्थल पर मौत हो गयी।घटना स्वजनों मे कोहराम मच गया है।पुलिस घटना मे अग्रेतर करवाई मे जुटी गयी थी।

# सीमावर्ती इलाके में 72 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वारा बैण्ड प्रदर्शनी का आयोजन

वीरेंद्र चौहान,दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। सीमा सुरक्षा बल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ हमेशा से ही अपने सीमावर्ती इलाके के ग्रामवासियों के मन में बल के प्रति पारस्परिक विश्वास विकसित करने और कल्याणार्थ हेतू हर संभव कोशिश करती रहती है। इसी क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के अतंर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में सीमावर्ती इलाके में 72 वीं वाहिनी ने सीमा चौकी मालदाखण्ड के इलाके में बैण्ड शो का आयोजन किया ।
इस बैण्ड प्रदर्शनी आयोजन में सीमा से सटे गाँवों के बहुत से ग्रामीण सम्मिलित हुए। यह आयोजन वाहिनी के समादेष्टा शैलेश कुमार सिन्हा, अन्य अधिकारी एवं कार्मिकों के अलावा युसुफ अली प्रधान भटोल पंचायत, श्रीमति रेशमा खातून सदस्य ग्राम मालदाखण्ड तथा बादल सिंह सदस्य ग्राम बसतपुर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस बैण्ड शो में लगभग 300 ग्रामीण सम्मिलित हुए । स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने 72 वीं वाहिनी के इस कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाए जिससे कि सीमा वासियों और सीमा सुरक्षा बल के बीच अच्छा तालमेल बना रहे। वाहिनी के अधिकारियों ने इस दौरान ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित किए जाएंगे।




इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य सीमावासियों के दिलों में सीमा सुरक्षा बल के प्रति विश्वास, सहयोग और आपसी तालमेल को मजबूत करना है जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बेहद आवश्यक है।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सुरक्षित गर्भपात को लेकर एएनएम का हुआ उन्मुखीकरण

***--शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं प्रशिक्षित चिकित्सकों से ही कराएं गर्भपात:***

***-सुरक्षित गर्भपात कानूनी तौर पर पूरी तरह से वैध:***

वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। 28 मार्च । जिले में मातृत्व और शिशु मृत्यु दर को कम करने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई ` इसी क्रम में जिले के ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय व्यवस्था को बेहतर करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिला को सुरक्षित गर्भपात सेवा देने के लिए एएनएम को सुरक्षित गर्भपात की जानकारी प्रदान की गई । साँझा प्रयास नेटवर्क के द्वारा एएनएम का यह उन्मुखीकरण किया गया है। सुरक्षित गर्भपात कानूनी तौर पर पूरी तरह से वैध माना गया है। हालांकि इस बात की जानकारी आज भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को नहीं है। जिस कारण क्षेत्रों की महिलायें नीम-हकीम या झोलाछाप चिकित्सकों के चक्कर में आकर अपनी जान तक गंवा देती हैं। संशोधित एमटीपी एक्ट के तहत 9 माह तक के अंदर गर्भवती महिलाएं कभी भी अनचाहे गर्भ या जटिल समस्या आने पर सुरक्षित गर्भपात करा सकती हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं प्रशिक्षित चिकित्सकों से ही कराएं गर्भपात:

ठाकुरगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि वर्ष 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। इस कारण महिलाओं को गर्भ समापन के लिए बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। घरेलू उपायों से गर्भ समापन के दौरान महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती थी। इसे रोकने के लिए 1971 में एमटीपी एक्ट बनाया गया। इसके बाद से ही सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है। लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए एमटीपी एक्ट में फिर से संशोधन किया गया। संशोधन में विशेष श्रेणी की महिलाओं के लिए गर्भपात की ऊपरी सीमा को 20 सप्ताह से बढ़ाकर अब 24 सप्ताह कर दिया गया है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सुरक्षित गर्भपात से संबंधित दी गई जानकारी:

वहीं सदर अस्पताल किशनगंज में कार्यरत महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मिन ने कहा कि 20 सप्ताह तक गर्भ समापन कराना कानूनी रूप से वैध माना जाता है। हालांकि सरकार या किसी अस्पताल द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल में ही प्रशिक्षित चिकित्सकों की मौजूदगी में सुरक्षित गर्भपात करायी जानी चाहिए। यह चिंता का विषय है कि प्रशिक्षित चिकित्सक एवं नर्स की उपलब्धता होने के बावजूद महिलाएं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले अप्रशिक्षित चिकित्सकों के चंगुल में पड़कर अपनी जान गंवा रही हैं। इसी क्रम में साझा प्रयास नेटवर्क के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिला को जागरूक किया जा रहा है` इसमें सुरक्षित गर्भपात के तमाम तकनीकी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी देने के बाद व्यावहारिक रूप से प्रसव कक्ष में महिला का सुरक्षित गर्भपात कराया जा रहा है । किसी भी महिला या उसके साथी के द्वारा प्रयोग किए गए गर्भनिरोधक तरीके की विफलता की स्थिति में अविवाहित महिलाओं को भी गर्भ समापन सेवाएं दी जा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 20 सप्ताह तक एमटीपी के लिए एक आरएमपी जबकि 20 से 24 सप्ताह के लिए दो आरएमपी पंजीकृत स्वास्थ्य सेवकों की सहमति होनी चाहिए। इसके साथ ही इस पूरी प्रक्रिया को गोपनीय बनाए रखा जाना अतिआवश्यक है।

# पालतू पशुओं हेतु चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजित

**राहुल: दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

मंगलवार को 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज की सीमा चौकी मंदिर टोला के गांव मंदिर टोला में नागरिक कल्याण कार्यक्रम वर्ष 2022- 23 के अंतर्गत सीमावर्ती किसानों को कृषि उपकरण सामग्री वितरण एवं सीमावर्ती ग्रामीणों तथा उनके पालतू पशुओं के लिए चिकित्सा शिविर और निशुल्क औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष दधीचि, सहायक कमांडेंट 12 वीं वाहिनी के स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया. सीमावर्ती ग्रामीणों को संबोधित करते हुऐ फिलेम बसंता सिंह उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम एवं विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती ग्रामीणों के कल्याण एवं विकास के लिए प्रयास करती रहती है. उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती 65 किसानों को गैंती व फावड़ा वितरित करने के साथ ही डॉक्टर हरिदास कानन, सहायक कमांडेंट (चिकित्सक) 8वीं वाहिनी खप्रैल द्वारा सीमा क्षेत्र के लगभग 250 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया. वही डॉ विक्टो साह कमांडेंट (पशुचिकित्सक) क्षेत्रीय मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल रानी डंगा द्वारा ग्रामीणों के फालतू पशुओं के रखरखाव एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के साथ ही ग्रामीणों के लगभग 450 बीमार पशुओं के लिए निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया.
इस कार्यक्रम में डॉ विक्टो साह कमांडेंट (पशुचिकित्सक) क्षेत्रीय मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा, फिलेम बसंता सिंह, उप कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, डॉक्टर हरिदास कानन, सहायक कमांडेंट (चिकित्सक) 8वीं वाहिनी खप्रैल, आयुष दधीचि, सहायक कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, किशन लाल साह, पंचायत मुखिया लोहागढ़ पंचायत, अर्जुन लाल यादव, सरपंच लोहागढ़ पंचायत तथा 12 वीं वाहिनी के पैरामेडिकल स्टाफ, सीमा चौकी मंदिर टोला के बलकर्मी, मीडिया कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे.



# चार पहिया वाहन से 22 लाख रुपये के साथ पांच गिरफ्तार

**उत्तम सिंह: संवाददाता :दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

नाका चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन से 22 लाख 46 हजार रुपये बरामद किये गए है। वहीं, इस मामले में राजगंज पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के हांथिमोड़ इलाके में नाका चेकिंग के दौरान 5 लोगों को रुपये साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक चार पहिया वाहन को भी सिज किया गया है।
गिरफ्तार आरोपियों के नाम दार्जिलिंग के गुंजन राई (33), जलपाईगुड़ी के धनेश्वर बर्मन (48), कूचबिहार के भूपेन बर्मन (42), मयनागुड़ी के प्रहलाद बर्मन (34) और कमल राय (30) निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाका चेकिंग के दौरान जलपाईगुड़ी की तरफ से आ रही एक चार पहिया वाहन से यह रकम बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों को आज जलपाईगुड़ी जिला अदालत में पेश किया गया है। पुलिस ने पूरे घटना की जांच शुरू कर दी है।



## रामनवमी को लेकर मोतीबाग काली मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन

वीरेंद्र चौहान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। रामनवमी को लेकर शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने की जोर शोर से तैयारी चल रही है। भक्तों में काफी खुशी का माहौल है। रामनवमी को लेकर मोती बाग चौक स्थित काली प्रांगण में " भजन संध्या" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विहिप व बजरंग दल द्वारा विहिप जिलाध्यक्ष मनोज गट्टानी ने फीता काटकर भजन संध्या का किया शुभारंभ।भगवामय हुआ शहर मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप कहें सभी एक साथ रहकर रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाएं और सनातन धर्म का पालन करें । भजन संध्या कार्यक्रम में विहिप व बजरंग दल के सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



## ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक परिसर पहुंचकर सपा राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव का पुतला फूंका

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण

कासमपुरगढ़ी ब्लाक परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधान सपा राष्ट्रीय महासचिव द्वारा अभद्र टिप्पणिया को लेकर पुतला फूंका और नारेबाजी । जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बीते 15 मार्च को राज्यसभा सदस्य व सपा महासचिव रामगोपाल यादव से



मुलाकात पर प्रधानों की समस्या प्रधानमंत्री के समक्ष उठाने की बात को लेकर रामगोपाल यादव द्वारा प्रदेश के ग्राम प्रधानों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने से नाराज मंगलवार को अफजलगढ़ ब्लाक क्षेत्र के लगभग एक दर्जन प्रधानों ने ब्लाक परिसर पहुंचकर सपा नेता रामगोपाल यादव का पुतला फूंका इस अवसर पर डाक्टर राजेश प्रधान देहलावाला, ऋषि पाल सिंह भगतावाला, तेज बहादुर उदयपुर, अमरीक सिंह कल्लू वाला, सुरेंद्र सिंह तुरंतपुर, जितेंद्र चौधरी मुरलीवालास, कैलाश सिंह कादराबाद, अयाज अहमद सुल्तानपुर,नौबहार सिंह प्रधान पति जयसिंह जौत आदि प्रधान इस अवसर पर मौजूद थे।

## 2 अप्रैल को होगा श्री खाटू श्याम जी का कीर्तन महोत्सव

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद श्री श्याम परिवार के तत्वधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि दिनांक 2 अप्रैल 2023 दिन रविवार को सायं 6 बजे नगर के छजमल दास धर्मशाला में श्री खाटू श्याम जी का कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें



बाबा का सुंदर दरबार सजाया जाएगा व बहारी कलाकारों द्वारा खाटू श्याम जी का गुणगान किया जाएगा। जिसके उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक ने बताया एक कार्यक्रम की लगभग सभी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से श्री खाटू श्याम कीर्तन महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया। बैठक में विशाल नामदेव, रजत अग्रवाल, यश पॉपली, शिवम कश्यप, सार्थक अग्रवाल, अनिकेत, सुधांशु कौशिक, हरिओम भारद्वाज, केशव, यश विश्वकर्मा, हर्ष शर्मा आदि रहे।

## नवरात्र व माह-ए-रमजान को लेकर एसपी पूर्वी और सीओ ने निकाला मार्च। शांति बनाए रखने की अपील

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर

अफजलगढ़। नवरात्र और माह-ए-रमजान के शुरू होने पर अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल और सीओ सर्वम सिंह ने नगर के मुख्य बाजारों में पैदल मार्च किया। नवरात्र और माह-ए-रमजान को लेकर पुलिस पूरी तरह



सतर्क हो चुकी है। इन त्योहारों में कोई अप्रिय घटना न हो, इसको लेकर पुलिस लगातार गश्त कर रही है और रूट मार्च किया जा रहा है। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल वह सीओ सर्वम सिंह ने भारी पुलिस बल व पीएसी जवानों के साथ पैदल मार्च किया। ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे और आगामी त्योहार को देखते हुए पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, महिला एसआई काजल तेवतिया, मुकेश सिंह , विकास बाबू, शैलेंद्र कुमार, सहित पीएसी जवान मौजूद रहे।

## उदय प्रताप सिंह बने पुनः लेखपाल संघ अध्यक्ष

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

मुसाफिरखाना में तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बैठक आयोजित हुई जिसमें उदय प्रताप सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष पुनः चुन लिया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष 2005 से लगातार इस पद के लिए चुने जाते आ रहे हैं।



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई का चुनाव परिसर स्थित सभागार में हुआ जिसमें उदय प्रताप सिंह को अध्यक्ष रामपाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष मीरा मिश्रा मंत्री सच्चिदानंद द्विवेदी उपमंत्री दीपक कुमार कोषाध्यक्ष एवं राम जग शुक्ल ऑडिटर चुने गए सभी पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध किया गया लेखपाल संघ की नवनिर्वाचित इकाई बनने पर संघ से जुड़े लोगों ने बधाई दी है उदय प्रताप सिंह 2005 से लेखपाल संघ के अध्यक्ष चुने जाते आ रहे हैं इनकी कार्यशैली एवं संघ के प्रति निष्ठा इनकी पहचान बन चुकी है।

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी





के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

## परिवार के साथ खेत से लौट रहे बालक पर गुलदार का जानलेवा हमला, घायल, बाल-बाल बची मासूम की जान

अजमल हसन
दैनिक समाज जागरण

अफजलगढ़-इन दिनों गुलदार के खौफ से किसानों का जीना मुहाल हो चला है। अपने परिवार के साथ जंगल खेतों से वापस आ रहे मासूम बच्चे पर गुलदार ने हमला कर दिया परिजनों की चीख-पुकार सुन गुलदार बच्चे को छोड़ भागा। गुलदार के इस हमले से मासूम जख्मी हो गया जिसका इलाज चल रहा है।क्षेत्र में गुलदार बड़ी संख्या में जंगलों व गन्ने के खेतों में पनाह लिए हुए है जिसके चलते किसानों का खेतों पर काम करना दूसवार हो चला है आए दिन गुलदार जंगल में घूमते नजर देख लोगों में डर सता रहा है।ज्यादातर गुलदार मासूम बच्चों व महिलाओं को अपना निशाना बना कि फिराक



में रहते हैं। हालांकि वन विभाग गुलदार को पकड़ने की जद्दोजहद में जुटा है। सोमवार की देर शाम अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम अलियारपुर के जंगल किसान धर्मेंद्र अपने पुत्र दुष्यंत 8 वर्ष के साथ खेतों पर काम कर वापस लौट रहा था कि इसी दौरान घात लगाए ईंख के खेत में छिपे गुलदार ने रास्ते में मासूम दुष्यंत पर हमला कर दिया बच्चे की चीख-पुकार सुनकर पिता ने शोर मचाया तो गुलदार बच्चे को छोड़ भागा बच्चे की जान तो बच गई लेकिन हमले में गुलदार के पंजे से मासूम बच्चा जख्मी हो गया आनन-फानन में बच्चे के पिता ने घायल को निजी अस्पताल में दाखिल कराया।

## जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

बिजनौर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव बुनियादी साक्षरता एवं अंकिय दक्षता प्राप्त करने हेतु पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्व भौमिकरण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को याद कराने के लिए रटाने की बजाए प्रैक्टिकल रूप में अवधारणाओं को उनके मस्तिष्क में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष रूप से सभी संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में भूमिका निभाएं।

जिलाधिकारी श्री मिश्रा आज दोपहर नजीबाबाद रोड स्थित कृष्णा बैंकट हॉल में हमारा आंगन-हमारे बच्चें कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अब विद्यालयों की दिशा और दशा बदल चुकी हैं।



कुशल शिक्षक भी हैं, इसलिए शिक्षक बच्चों को आगे बढ़ाने का काम करें और एक गुरु के समान अपने कर्तव्य को समझते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान कर उनके भविष्य को एक नया आयाम दें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन से छः वर्ष के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देना उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करना है साथ ही अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में अध्यापक जिला बिजनौर पर बनी डाक्यूमेंटरी बच्चों को दिखायें जिससे वह अपने जिले के बारे में जाने।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व आगंनबाढी कार्यकत्री व स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

ब्लैक स्पॉट एरिया में साइनेज बोर्ड व स्पीड ब्रेकर बनाने के दिए निर्देश वाहनों की नियमित चेकिंग करने के दिए निर्देश यातायात नियमों के संबंध में जन सामान्य को करें जागरूक।

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जनपद में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा एनएचएआई के अधिशासी अभियंता को चिन्हित ब्लैक स्पाट पर संकेतांक बोर्ड, साइड पट्टी व स्पीड ब्रेकर बनवाने व उन पर कलर/लाइट करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने खासकर बच्चों को स्कूलों में ट्रैफिक नियम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए, साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ व ट्रैफिक पुलिस को सड़क किनारे खड़े वाहनों की चेकिंग कर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। व पुलिस विभाग को दिया साथ ही उन्होंने एआरटीओ व पुलिस विभाग को हेलमेट और सीट बेल्ट ना लगाने वालों का चालान करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास



जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत डग्गामार वाहनों, स्कूली वाहनों, टैम्पों तथा टैक्सी को एआरटीओ व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सघन चेकिंग कर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश एआरटीओ अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, आरटीओ प्रवर्तन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, एनएचआई के अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी, मुसाफिरखाना में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व देवेंद्र सिंह चौहान मय हमराही पुलिस



के साथ क्षेत्र के जमुवारी तिराहा हाईवे निकट धारा 419 420 सहित विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र हरीराम निवासी दादरा थाना कोतवाली मुसाफिरखाना को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा।

## भ्रष्टाचारियों को नहीं योगी सरकार का खौफ, विकास योजनाओं में जमकर हुआ भ्रष्टाचार

समाज जागरण अमेठी

अमेठी जनपद में गांवों के विकास खंडों में से एक, विकास खंड भेटुआ भी है

सैंतालिस ग्राम पंचायतों के इस विकास खंड में लाखों की आबादी निवास करती है परन्तु जनप्रतिनिधियों तथा जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत का ही नतीजा है, इस विकास खंड में आज भी लोग विकास कार्यों में लूट की खुली छूट से हो रही परेशानियों का दंश झेल रहे हैं

मौजूदा समय में ही यदि पंचायतों के विकास हेतु सरकार द्वारा विभिन्न माध्यमों से भेजी गई धनराशि तथा जमीन पर हुए विकास की तुलना करी जाये तो साफ जाहिर होता है कि उस राशि से गांवों के विकास की तुलना में जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों का विकास बहुत ज्यादा हुआ है

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी शाम होते ही अंधेरा सबकुछ अपने में समेट लेता है कारण मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए हर जनप्रतिनिधि ने रुपए तो निकाले लेकिन उससे बस अपना अंधेरा दूर किया, विकास के नाम पर बने रास्ते ऊबड़ खाबड़ होकर लूट की कहानी बयां करने लगे, लोटा लेकर सुबह शाम मैदान जाती गृहणियां स्वच्छ भारत मिशन में हुए घपले की कहानी कह रही हैं

मनरेगा में हुआ व्यय फोटो खिचाई, खातों में पैसे भेजने तथा बंदरबांट तक ही सीमित रहा, जमीन पर थोड़े बहुत कार्यों को छोड़कर उसका उपयोग कहीं नजर नहीं आता

यह महज एक झांकी है, कई जानकारों का कहना है कि यदि शासन विकास खंड भेटुआ में सरकारी कागजों में रिश्वत खोर अधिकारियों द्वारा दौड़ाये गये विकास के घोड़ों की जमीनी हकीकत खंगाल ले तो निश्चित रूप से व्यवस्था में बैठे कमीशन खोर अधिकारियों तथा जनता से विश्वासघात करने वाले जनप्रतिनिधियों की जगह सीधे जेल में ही होगी

## वन्यजीव संरक्षण के लिये दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला संपन्न

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

बढ़ापुर : वन्यजीव संरक्षण के लिये दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला संपन्न केहरीपुर में वनकर्मियो को वन्य जीव हेबिटैट प्रवंधन और मानव गुलदार द्वन्द को रोकने की जानकारी देते विशेषज्ञ

वन कार्मिको को विश्व प्रकृति निधि की ओर से साइकिल वितरण वन्यजीव प्राकृत वास प्रवंधन एवं मानव वन्य जीव द्वन्द की रोकथाम हेतु आज केहरिपुर में कार्यशाला संपन्न हुई अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज के रेंज कार्यालय गाँव केहरीपुर जंगल में सामुदायिक भवन में वन एवं वन्यजीव प्रबंधन में विशेष प्रशिक्षण, वन्यजीव संरक्षण के लिए योजना सह जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें हहऋके मेराज अनवर दवरा हाथी संरक्षण तथा बी एन सिंह, बायोलॉजिस्ट दवरा वाइल्ड लाइफ मॉनिटरिंग तथा मानव वन्य जीव की घटनाओं के रोकथाम के उपायों के बारे में बताया. ज्ञानसिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बिजनौर जनपद के मानव गुलदार संघर्ष तथा उसके प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से वन कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया साथ ही ऐसी घटनाओं में वन कार्मिको को संबेदनशील होकर आम जन मानस से बेहतर समन्वय बनाकर गुलदार की घटनाओं में कमी लाने हेतु सह अस्तित्व एवं जन जागरूकता बढ़ाने के विभिन्न उपायों के बारे में बताया.ऐसी घटनाओं से पीड़ित संस्था के दवरा अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में कार्य कर रहे वन कर्मियों बीट प्रभारियों को वन्य जीव संरक्षण में उनके योगदान तथा साइकिल पेट्रोलिंग हेतु प्रशस्ति स्वरुप के रूप में साइकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया.




परिवारों को त्वरित सहायता उपलवढ करने तथा आहेतुक धनराशि के वितरण में लगाने बाले समय को कम करने के तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की गई हाथी द्वन्द को कम करने तथा उनके प्राकर्तिक वास स्थल के विकास के सम्बन्ध में अंशुमान मित्तल दवरा अपने विचार रखे. वाइल्ड लाइफ कंसर्वेशन में फोटोग्राफी के महत्त्व के बारे में इटावा सफारी पार्क के एजुकेशन अधिकारी कार्तिक द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.इस कार्यशाला के समापन के उपरांत विश्व प्रकृति निधि कार्यशाला का संचालन एवं समन्वय ज्ञान सिंह एस डी ओ बिजनौर दवरा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन अंशुमान मित्तल दवरा किया गया.

आयोजित कार्यशाला में प्रभागीय वन निदेशक बिजनौर अरूण कुमार, उपप्रभागीय वनाधिकारी बिजनौर ज्ञान सिंह, उपप्रभागीय वनाधिकारी नगीना अंशुमन मित्तल, रेंजर धामपुर गोविंदराम गंगवार, रेंजर बिजनौर स्वरुप रावत , रेंजर नगीना/अमानगढ़ प्रदीप कुमार शर्मा, उपराजिक श्यामलाल यादव, सहित अमानगढ़ रेंज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा नेता ने टैक्सी ड्राइवर को दबंगई दिखाते हुए की पिटाई सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद शहर में मामूली कहासुनी को लेकर महिला नेता व उसके पति ने ड्राइवर को सरेआम पुलिस चौकी के सामने पीटा। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वारयल हो रहा है महिला भाजपा की नेत्री बताई जा रही व महिला विंग की जिलाध्यक्ष है सूत्रों से पता चला है वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को दोपहर के उल्टा बीजेपी नेत्री अपने पति व अपने कुछ सहयोगियों के साथ ड्राइवर के खिलाफ शिकायत लेकर नजदीकी थाने पहुंची थी।

आपको बता दे कि थाना नजीबाबाद के आदर्शनगर में भाजपा नेत्री की खुलेआम बीच सड़क पर दबंगई का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि भजपा नेत्री एक मैक्स ड्राइवर को बीच सड़क पर अपने पति के साथ पिटाई कर रही है वीडियो में देख सकते हैं महिला विंग की जिलाध्यक्ष एक मैक्स ड्राइवर को बीच सड़क पर रोक कर चाबी लेने के उस हाथ चलाती नजर आ रही है उसके द्वारा बचाव करने पट हाथ पकड़ने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेत्री के



पति ने गाली गलौच के साथ ड्राइवर पर ताबड़तोड़ थप्पड़ों की बरसात करते नजर आ रहें हैं।

वहीं इस मामले में जब पीड़ित ड्राइवर से बात की गई तो उन्होंने बताया की वह नजीबाबाद के आदर्श नगर चौकी के समीप अपनी गाड़ी को साईड से लगाकर कुछ ही सेकेंड के लिए दुकान से कुछ सामान लेने के लिए गया था पीछे से भाजपा नेत्री की गाड़ी आकर रुकी और होरन दिया तभी खड़ी मैक्स का ड्राइवर आकर अपनी गाड़ी की सीट पर बैठ गया जिस पर आक्रोशित होकर महिला ने अपने पद की धमकी देते हुए मेरी गाड़ी की जबरन चाबी निकालनी चाही फिर अचानक से पीछे से इनके पति ने आकर गंदी गंदी गाली गलौच करते हुए मेरे ऊपर ताबड़ तोड़ थप्पड़ से पीट दिया। वीडियो सामने आने के बाद भजपा नेत्री की जबरदस्त फजीहत हो रही है लोग सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे है।

## सहकारी संघ की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों व सभापति, उपसभापति तथा अन्य समिति प्रतिनिधियों की निर्वाचन तिथियॉ निर्धारित

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता हरेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि मा0 निर्वाचन आयुक्त, उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ के निदेर्शानुसार उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम-1965 की धारा-29(3) एवं उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली-2014 के नियम-7 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा सहकारिता विभाग के सभी निर्वाचन योग्य सहकारी संघ (ब्लाक यूनियन) की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों का निर्वाचन 29 मार्च 2023 एवं सभापति, उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 31 मार्च 2023 निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि सहकारिता में पंजीकृत सहकारी संघों के निर्वाचन योग्य कुल 09 संघो में 25 मार्च 2023 को नामांकन पत्र दाखिल किये गये, प्रबन्ध कमेटी के 09 सदस्य/संचालक पद के सापेक्ष सहकारी संघ गौरीगंज में 08 सदस्यों द्वारा नामांकन दाखिल तथा अनुसूचित जाति हेतु 01 पद कोई नामांकन दाखिल न होने के कारण रिक्त है एवं फुरसतगंज में 07 संचालक पद के सापेक्ष एक-एक नामांकन दाखिल तथा 01 पद सामान्य सीट हेतु रणजीत सिंह एवं वेद प्रकाश के द्वारा नामांकन किया गया जिस पर मतदान 29 मार्च 2023 को होगा एवं 01 पद महिला आरक्षित में भी दो उम्मीदवार फूलकली एवं मनीषा सिंह द्वारा नामांकन किया गया जिनका निर्वाचन 29 मार्च 2023 को होगा। सहकारी संघ जगदीशपुर में 09 संचालक पदों के सापेक्ष मात्र 08 हेतु नामांकन दाखिल एवं 01 सीट महिला पद हेतु आरक्षित पर कोई नामांकन न होने से रिक्त है। उन्होंने बताया कि सहकारी संघ तिलोई में 09 पदों के सापेक्ष मात्र 07 पद हेतु नामांकन दाखिल तथा महिला हेतु आरक्षित 02 पद नामांकन न होने की दशा में रिक्त है एवं सहकारी संघ महोना में 09 पद के सापेक्ष 08 पद हेतु एक-एक नामांकन दाखिल हुआ जो निर्विरोध चयनित घोषित किये गये तथा व्यक्तिगत हेतु 01 सीट पर कुल 05 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये गये जिन पर मतदान 29 मार्च 2023 को होगा। उन्होंने बताया कि सहकारी संघ साहबगंज में 09 पद के सापेक्ष मात्र 04 नामांकन दाखिल हुए तथा 05 निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन न होने से पद रिक्त है एवं सहकारी संघ जनतानगर में 09 पद के सापेक्ष मात्र 07 पद पर नामांकन दाखिल जिसमें निर्वाचन क्षेत्र भदांव में 01 पद महिला हेतु कोई भी नामांकन नही किया गया तथा सहकारी संघ रामगंज में 09 पद के सापेक्ष प्रत्येक पद हेतु एक-एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया इसी प्रकार सहकारी संघ रानीगंज में 09 पद के सापेक्ष प्रत्येक पद हेतु मात्र एक-एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसमें सभी निर्विरोध विजयी घोषित किये गये। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सहकारी संघ फुरसतगंज में 02 संचालक पद एवं सहकारी संघ महोना में 01 पद हेतु एक से अधिक प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये है जिसमें 29 मार्च 2023 को मतदान की सम्पूणी निर्वाचन प्रक्रिया संघ कार्यालय पर जिला प्रशासन की निगरानी में भारी पुलिस बल की उपस्थिति में शान्तिपूर्वक मतदान कराया जायेगा। जिला प्रशासन की सर्तकता के कारण जनपद के सहकारी संघों के निर्वाचन में अब तक कोई अप्रिय घटना नही हुई। संचालक मण्डल के निर्वाचन के बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु तथा अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 31 मार्च 2023 को संघ कार्यालय पर होगा।

## एएचटीयू टीम व श्रम विभाग द्वारा तीन बच्चों का रेस्क्यू किया गया

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर श्रीमान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना एएचटीयू टीम, चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग द्वारा जनपद बलरामपुर में बाल श्रम/भिक्षावृत्ति अभियान चलाया गया।

टीम एएचटीयू और श्रम विभाग व चाइल्ड लाइन द्वारा दिनांक 27.03.2023 को जनपद बलरामपुर के कोतवाली उतरौला/



श्रीदतगंज क्षेत्र में पड़ने वाले ढाबा,दुकान व होटलों को चेक किया गया जहां से 03 बच्चो को रेस्क्यू किया गया । चिकित्सा परीक्षण हेतु रेस्क्यू किए गए बच्चों को चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया। रेस्क्यू करने वाली टीमः उप निरीक्षक श्री निलोफर बानो, थाना एएचटीयू मय टीम श्री भूपेंद्र मिश्रा श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलरामपुर

